सहारनपुर विकास प्राधिकरण, सहारनपुर।

बोर्ड बैठक

(परिचालन के माध्यम से)

दिनांक : 17 मार्च, 2018

Scanned by CamScanner

145

एजेन्डा नोट

आईटम संख्या 01(परिचालन के माध्यम से)

विषय : साहिबजी नगर, सहारनपुर के निकट सटी सीलिंग की अतिरिक्त घोषित भूमि दराशिवपुरी तहसील सदर जिला सहारनपुर मे सहारनपुर विकास प्राधिकरण की आवासीय/भूखण्ड योजना बनायें जाने के सम्बन्ध में।

साहिबजी नगर कॉलोनी के निकट सीलिंग की अतिरिक्त घोषित भूमि खसरा नम्बर 24मि0 व 25मि0 दराशिवपुरी, तहसील सदर जिला सहारनपुर पर सरकारी अधिकारियों के आवासीय भवनों का निर्माण कराये जाने के सम्बन्ध में तथ्यों का उल्लेख करते हुए प्राधिकरण के अधिकारियों एवं अभियन्ताओं के निवास हेतु कोई विभागीय व्यवस्था न होने के कारण उक्त भूमि पर प्राधिकरण की आवासीय कॉलोनी बनाने हेतु प्राधिकरण की 47वीं बोर्ड बैठक के एजेण्डा आईटम संख्या 47/7 पर प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया, जिस पर मा0 बोर्ड द्वारा विचारोपरान्त प्रस्ताव स्वीकार किया गया। प्राधिकरण की 53वीं बोर्ड बैठक दिनॉक 23.10.2017 के एजेण्डा आईटम संख्या 53/07 पर विचारार्थ/अनुमोदनार्थ प्रस्तुत किया गया जिस पर मा0 बोर्ड द्वारा निर्देशित किया गया कि **"इसके स्थान पर प्राधिकरण अपनी आवासीय/भूखण्ड योजना बनाने पर विचार कर प्रस्तुत करें।"**

53वीं बोर्ड बैठक दिनॉक 23.10.2017 मे लिये गये निर्णय के अनुपालन में ग्राम दराशिवपुरी स्वाद वैरून में खसरा संख्या 20, 21, 24 व 25 जो कि सीलिंग की भूमि थी जिसका कुल क्षेत्रफल लगभग 4370.00वर्गमीटर है, जिसका भुगतान राजकीय लेखा शीर्षक में जमा कराकर जिलाधिकारी महोदय की अध्यक्षता में आवंटन समिति द्वारा भूमि का आवंटन सहारनपुर विकास प्राधिकरण के नाम कर दिया गया है, उस पर 04 मंजिलें भवनों को बनाने का प्रस्ताव तैयार किया गया है।

स्थल पर प्रस्तावित बहुमंजिले भवनों में ग्राउण्ड में पार्किंग तथा 2 BHK के 60 भवन प्रथम, द्वितीय व तृतीय तलों पर जिसका अनुमानित सुपर एरिया लगभग 94.00वर्गमीटर तथा चौथे तल पर 10 पेन्ट हाउस जिसका अनुमानित सुपर एरिया 164.00 वर्गमीटर होगा।

उपरोक्त योजना में कवर्ड तथा ओपन पार्किंग के साथ लिफट तथा आर0सी0सी0 स्ट्रक्चर को भूकम्प प्रतिरोधी, भूमिगत सीवर लाईन, ड्रेनेज लाईन परिसर में विद्युत आपूर्ति हेतु ट्रांसफार्मर सी0सी0टी0वी0 कैमरें सेन्सर सहित तथा परिसर की सुरक्षा हेतु बाउण्ड्री गेट, गार्डरूम की व्यापक व्यवस्था का प्राविधान रखा गया है।

उक्त प्रस्ताव मा0 बोर्ड के विचारार्थ एवं स्वीकृतार्थ प्रस्तुत है।

Scanned by CamScanner

आईटम संख्या 01(परिचालन के माध्यम से)

विषय : साहिबजी नगर, सहारनपुर के निकट सटी सीलिंग की अतिरिक्त घोषित भूमि दराशिवपुरी तहसील सदर जिला सहारनपुर मे सहारनपुर विकास प्राधिकरण की आवासीय/भूखण्ड योजना बनायें जाने के सम्बन्ध में।

उक्त प्रस्ताव स्वीकृत करते हुए निर्देशित किया गया कि इस सम्बन्ध में शासन को भी सूचना भेजी जाये।

उपाध्यक्ष
सहारनपुर विकास प्राधिकरण,
सहारनपुर।

जिलाधिकारी,
सहारनपुर।

नगर आयुक्त
नगर निगम
सहारनपुर।

अपर निदेशक(कोषागार)
सहारनपुर मण्डल,सहारनपुर।
सहारनपुर।

अधीक्षण अभियन्ता,
उ0प्र0जल निगम(निर्माण खण्ड)
सहारनपुर।

अधीक्षण अभियन्ता
लोक निर्माण विभाग(32वाँ वृत्त)
सहारनपुर।

वरिष्ठ नियोजक,
नगर एवं ग्राम नियोजन विभाग,
उ0प्र0, लखनऊ।

अनुमोदित

आयुक्त / अध्यक्ष,
सहारनपुर मण्डल / विकास प्राधिकरण,
सहारनपुर।

Scanned by CamScanner